Ms. Neetu Dabas
National Media Incharge,
Mahila Morcha

भारतीय जनता पार्टी
Bharatiya Janata Party

Date: 15/08/2024

प्रेस नोट : कृपया कवर करे।

विषय: पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर का बलात्कार और हत्या की निंदा हेतु मौन कैंडल मार्च

अत्यंत दुख और आक्रोश के साथ हम हाल ही में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ हुए क्रूरतम बलात्कार और हत्या की घटना पर आपका ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। यह घिनौना कृत्य पश्चिम बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा की गंभीर स्थिति को उजागर करता है और हमारी तत्काल व सामूहिक कार्रवाई की मांग करता है।

इस घटना के प्रति विरोध स्वरूप राष्ट्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती वानाती श्रीनिवासन जी के नेतृत्व में महिला मोर्चा की राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती दर्शन सिंह जी, श्रीमती संगीता यादव जी ,श्रीमती गीता शाक्य जी एवं श्रीमती इंदु बाला गोस्वामी जी और पश्चिम बंगाल की प्रभारी श्रीमती पूजा कपिल मिश्रा जी के नेतृत्व में महिला मोर्चा द्वारा यह मार्च आरजी कर मेडिकल कॉलेज के बाहर शाम 6 बजे निकाला जाएगा ।

साथ ही महिला मोर्चा 16 अगस्त 2024 की संध्या को सभी जिला मुख्यालयों में मौन कैंडल मार्च का आयोजन करेगा। यह मार्च न केवल पीड़िता के प्रति एकजुटता का प्रतीक होगा, बल्कि राज्य सरकार की महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने में विफलता के खिलाफ एक प्रदर्शन भी होगा।

सुश्री नीतू डबास
राष्ट्रीय मीडिया इचार्ज, महिला मोर्चा
9910004477